मुझे चरणों में दे दो स्थान जी मेरे राम जी लिरिक्स

मुझे चरणों में दे दो स्थान जी,
मेरे राम जी मेरे राम जी,
अपने हाथों में ले लो कमान जी
मेरे राम जी मेरे राम जी।bd।

जब से वश में हुआ धन के,
धर्म के पथ से दूर हुआ,
सुख चैन ना रहा मन का,
दास तन का बनके रह गया,
चूर कर दो मेरा अभिमान जी,
मेरे राम जी मेरे राम जी,
भक्ति का दे दो तुम वरदान जी,
मेरे राम जी मेरे राम जी।bd।

प्रभु की सेवा के लिए ही,
जीवन दुर्लभ मुझे ये मिला,
मगर जब भी मिला मौका मुझे,
टालता मैं कल पे रह गया,
क्षमा का मुझको दे दो दान जी,
मेरे राम जी मेरे राम जी,
दास आपके ना आया कुछ काम जी,
मेरे राम जी मेरे राम जी।bd।

निर्दोष मैं नहीं सच है,
बहता ही चला गया संसार में,
ना लिया सहारा गुरु का,
फंस गया माया के जंजाल में,
जान के भी था मैं अनजान जी,
मेरे राम जी मेरे राम जी,
इन हाथों को अब लो थाम जी,
मेरे राम जी मेरे राम जी।bd।

मुझे चरणों में दे दो स्थान जी,
मेरे राम जी मेरे राम जी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

अपने हाथों में ले लो कमान जी
मेरे राम जी मेरे राम जी।bd।

By – Madhavas Rock Band

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com